प्रादेशिक समाचार
दिनांक–27.05.2024 (दोपहर–1455 बजे)

झारखंड में लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण में संताल परगना की तीन सीटों पर चुनाव होने हैं। गोड्डा, दुमका और राजमहल में पहली जून को मतदान होगा। इसे देखते हुए एनडीए और इंडी गठबंधन के बड़े नेता और स्टार प्रचारक लगातार संताल परगना में चुनावी जनसभाएं कर रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल दुमका में एक जनसभा को सम्बोधित करेंगे। यहाँ से भाजपा उम्मीदवार सीता सोरेन के लिए एयरपोर्ट मैदान में विजय संकल्प रैली का आयोजन किया गया है। इसके अलावा भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा 29 मई को देवघर में तीन चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। गोड्डा से भाजपा के डॉ निशिकांत दुबे और राजमहल सीट से ताला मरांडी उम्मीदवार हैं। वहीं, कांग्रेस नेता और स्टार प्रचारक राहुल गांधी 30 मई को दुमका में चुनावी जनसभाओं को सम्बोधित करेंगे। इंडी गठबंधन की तरफ से गोड्डा संसदीय क्षेत्र से प्रदीप यादव, राजमहल से विजय हांसदा और दुमका से नलिन सोरेन चुनावी मैदान में हैं।

****

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आध्यात्मिक मूल्यों को विकसित करने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा है कि आध्यात्मिक रूप से सबल होना ही वास्तकविक सशक्तिकरण है। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि आध्यात्मिक मूल्य सभी धर्मों के लोगों को एकजुट करते हैं। राष्ट्रपति नई दिल्ली के भारत मंडपम में ब्रह्मकुमारी संगठन द्वारा आयोजित एक समारोह में स्वच्छ और स्वस्थ समाज के लिए आध्यात्मिक सशक्तिकरण के राष्ट्रीय समारोह को संबोधित कर रही थीं। राष्ट्रपति मुर्मू ने युवाओं में आध्यात्मिक मूल्य जगाने की दिशा में ब्रह्मकुमारीज परिवार की सराहना की।।

****

जमीन घोटाला मामले में जेल में बंद झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड हाईकोर्ट में जमानत याचिका दायर की है। उन्होंने अपने अधिवक्ता के माध्यम से हाईकोर्ट से नियमित जमानत देने का अनुरोध किया है।

****

प्रवर्तन निदेशालय–ईडी की रिमांड अवधि खत्म होने पर ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम को आज पीएमएलए कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने आलमगीर आलम की 3 दिनों के लिए रिमांड अवधि बढ़ा दी है। वहीं ईडी ने ग्रामीण विकास विभाग के पूर्व सचिव मनीष रंजन को समन देकर पूछताछ के लिए कल रांची स्थित क्षेत्रीय कार्यालय बुलाया है।

****

झारखंड हाइकोर्ट के जस्टिस और देवघर सिविल कोर्ट के जोनल जज सुजीत नारायण प्रसाद सिविल कोर्ट देवघर पहुंचे । इस दौरान उन्होंने निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कई निर्देश दिए। उन्होंने सीसीटीवी कंट्रोल रूम और चिकित्सा सेवा केंद्र का उद्घाटन किया। उन्होंने चिकित्सा केंद्र में इसीजी की भी सुविधा मुहैया कराने के बारे में भी सिविल सर्जन को निर्देश दिये।

****

रांची के चुटिया थाना क्षेत्र स्थित एक रेस्त्रां सह बार में बीती रात अपराधियों ने डिस्क जॉकी, डीजे की गोली मारकर हत्या कर दी। हत्या से पहले इन लोगों का रेस्त्रां में विवाद हुआ था। घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को रिम्स पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। रांची के वरीय पुलिस अधीक्षक चन्दन सिन्हा ने घटनास्थल पर

पहुँच कर मामले की जांच की। उन्होंने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अपराधियों की पहचान कर ली गयी है और उनकी गिरफ़्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

****

चतरा जिले में पहली बार की जा रही तरबूज की खेती किसानों के लिए मददगार साबित हो रही है।

****

रांची के मेन रोड स्थित डेली मार्केट की एक दुकान में बीती रात आग लग जाने से सारे समान जल कर राख हो गए। पुलिस ने बताया कि आग के कारणों का पता नहीं चल पाया है, लेकिन दुकानदार को इस घटना में लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। घटना की सूचना पाकर पहुंची दमकल की गाड़ियों ने आग पर काबू पाया।

****

बेल्जियम के एंटवर्प में एफआईएच हॉकी प्रो लीग मुकाबले में भारत ने अपने चौथे मैच में अर्जेंटीना को चार के मुकाबले पांच गोल से हरा दिया है। भारत के लिए मैच के 7वें मिनट में अरायजीत सिंह हुंदाल, 18वें मिनट में गुरजंत सिंह और 29वें, 50वें और 52वें मिनट में हरमनप्रीत सिंह ने गोल किए। हरमनप्रीत सिंह ने शानदार प्रर्दशन किया। भारत का अगला मुकाबला 1 जून को जर्मनी से होगा।

*******समाप्त***********